तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 1 अप्रैल 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]


4 दो साल से मरम्मत के लिए मोहताज हैं आश्रम छात्रावास



## खबर संक्षेप

### यात्रियों को स्टेशन में मिलेंगे स्थानीय उत्पाद

**कोरबा।** रेलवे की व्यापक पहुंच और महत्व को ध्यान में रखते हुए स्थानीय उत्पादों को देशभर में लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से रेलवे स्टेशनों में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टल स्थापित किए है। इस योजना के तहत बिलासपुर सहित मंडल के कोरबा, जांजगीर-नैला, अनूपपुर, पेंड्रारोड़, उसलापुर, विश्रामपुर, शहडोल, बुढ़ार, सक्ती, अम्बिकापुर, अकलतरा, चाम्पा, रायगढ़, ब्रजराजनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में स्थानीय उत्पाद की बिक्री के लिए कुल 17 स्टाल की सुविधा रेलवे प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई है। कोरबा सहित मंडल के बिलासपुर, रायगढ़, जांजगीर-नैला, अनूपपुर, पेंड्रारोड़, उसलापुर, शहडोल, सक्ती, अम्बिकापुर, चाम्पा, ब्रजराजनगर रेलवे स्टेशनों के स्टालों का संचालन स्थानीय स्व-सहायता समूहों तथा स्थानीय उत्पादकों द्वारा किया जा रहा है। इस योजना से स्थानीय लघुकार, कारीगरों, हस्तशिल्पों की आत्मनिर्भरता में वृद्धि हो रही है।

### तेजी से चल रहा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

**कोरबा।** हाई और हायर सेकेंडरी कक्षा के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 23 मार्च से जिले के दो केंद्र साडा कन्या हायर सेकेंडरी और एनसीडीसी आत्मानंद स्कूल में शुरू हुआ। दोनों केंद्रों में मूल्यांकन के लिए लगभग 300 शिक्षक चेकिंग कार्य में लगे हुए हैं। इनमें शासकीय के अलावा निजी स्कूल के शिक्षक भी शामिल हैं। बोर्ड की परीक्षा समाप्त होने के बाद अब विद्यार्थियों को परिणाम का इंतजार होने लगा है। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साडा कन्या हायर सकेंडरी केंद्र में पहले चरण में कुल एक लाख तीन हजार 784 कापियां मिली है। इनमें हाईस्कूल के 63 हजार 631 व हायर सेकेंडरी 40 हजार 153 कापियां प्राप्त हुई हैं। इसी तरह एनसीडीसी में भी हाई व हायर सेकेंडरी की लगभग 77 हजार कापियां मूल्यांकन के लिए मिली हैं। मूल्यांकन के लिए दी जाने वाली राशि शिक्षा मंडल ने तय कर दी है। बीते वर्ष की तरह कक्षा दसवीं की कापी के लिए 10 व बारहवीं की कापी जांचने के 11 रूपये प्रति तय किया गया है। मूल्यांकन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। दोनों केंद्रों में लोगों के अनाधिकृत प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### विश्व क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में हेमराज का चयन

**कोरबा।** विश्व क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन बेलग्रेड, सर्बिया में 30 मार्च को किया गया है। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही भारतीय टीम की ओर से प्रतिनिधित्व करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी हेमराज गुर्जर का चयन किया गया है। हेमराज गुर्जर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के लेखा (अकाउंट) विभाग में जूनियर क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी श्री गुर्जर, क्रॉस कंट्री में राष्ट्रीय चैंपियन हैं। क्रॉस कंट्री के विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी का भारतीय रेलवे की ओर से चयन होने से यह रेलवे गौरवान्वित हुआ है एवं इस रेलवे के अन्य खिलाडियों का उत्साहवर्धन हुआ है।भारतीय रेलवे के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा हमेशा से खेल एवं खिलाडियों को प्रोत्साहन दिया जाता रहा है । इसी का परिणाम है कि इस रेलवे के खिलाडियों का चयन देश विदेश में आयोजित होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं में किया जा रहा है।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाडी का विश्व क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे की टीम की ओर से चयन होने पर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं अधिकारियों द्वारा हेमराज गुर्जर को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी गई है।

# श्रमिक संगठनों के विरोध के बाद आखिरकार कैडर स्कीम के लिए कमेटी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोयला कर्मियो को अधिकारी पद पर प्रमोट करने 11 वें वेतन समझौते में बनाई कैडर स्कीम का यूनियन नेताओं ने विरोध किया था। इसके बाद कोल इंडिया की विभिन्न बैठकों में भी अधिकारियों के समक्ष इस मुद्दे को उठाया था। अब कोल इंडिया प्रबंधन ने नॉन एग्जीक्यूटिव कैडर स्कीम के लिए कमेटी गठित कर दी है। एसईसीएल समेत कोल इंडिया के अन्य कंपनियों के अधिकारी शामिल हैं। 45 दिनों के भीतर कैडर स्कीम के संबंध में कंपनी प्रबंधन को कमेटी अपनी रिपोर्ट देगी।

एसईसीएल समेत कोल इंडिया की सहायक कोयला कंपनियों में 11 वां वेतनमान लागू कर दिया है। नॉन एमजीबी के मुद्दे में कैडर स्कीम शामिल रहा, जिसके तहत ही पात्र कोयला कर्मियों को ई-2 ग्रेड के अधिकारी बनने का मौका मिलता है। 11 वें वेतन समझौते के तहत कोल इंडिया प्रबंधन की बनाई कैडर स्कीम का विरोध हुआ। श्रमिक नेताओं ने कहा इस स्कीम से कई कर्मी पात्रता हासिल करते रिटायर हो जाएंगे और अधिकारी बनने का लाभ नहीं मिल पाएगा। यही कारण रहा कि इसका विरोध होने लगा। अब कोल इंडिया प्रबंधन ने कैडर स्कीम के लिए कमेटी गठित की है। यह कमेटी 45 दिनों के भीतर प्रबंधन को रिपोर्ट सौंपेगी। इस रिपोर्ट के आधार पर ही अधिकारी पद पर पात्र कोयला कर्मियों को प्रमोट करने कोल कंपनियों में कैडर स्कीम को लागू किया जाएगा। सूत्रों की मानें तो कोल इंडिया प्रबंधन जो कैडर स्कीम कर्मचारियों के अधिकारी पद पर प्रमोट करने बनाई है उसके ओवरमेन पद पर काम करते 3 साल का ( माइनिंग) पद पर पदोन्नति से अधिकारी बनने का मौका पा सकेगा। अनुभव जरूरी है, तभी वह ई-2 लेकिन यह अनुभव हासिल करते कई कर्मचारी रहते ही रिटायर हो जाएंगे। पहले सेकेंड क्लास की परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद सीनियरिटी के आधार पर अधिकारी बनने का मौका मिलता था। यही कारण है कि इस कैडर स्कीम का विरोध किया जाने लगा।

## कमेटी 45 दिनों के भीतर सौंपेगी रिपोर्ट

**खास बात**

- एसईसीएल समेत कोल इंडिया के अन्य कंपनियों के अधिकारी शामिल

### कमेटी में 10 सदस्य शामिल

कोल इंडिया प्रबंधन के महाप्रबंधक (श्रम शक्ति व औद्योगिक संगठन) गौतम बनर्जी ने आदेश जारी किया है, जिसमें 10 सदस्यीय कमेटी गठित करने की जानकारी दी है जो नॉन एग्जीक्यूटिव वर्ग से एग्जीक्यूटिव वर्ग में पदोन्नति को लेकर है। कमेटी की ओर से 45 दिनों के भीतर रिपोर्ट कोल इंडिया प्रबंधन को सौंपेगी जाएगी। कमेटी में एसईसीएल के मुख्य प्रबंधक (पर्सनल) मनीष श्रीवास्तव भी शामिल हैं। इसके अलावा अन्य कोल कंपनियों के मुख्य प्रबंधक के अलावा सीनियर मैनेजर व मैनेजर भी शामिल हैं।

## उत्कृष्ट विद्यालय का भी नहीं मिलेगा दर्जा

# जिले में इस वर्ष नहीं खुलेंगे नए आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में नये आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं उत्कृष्ट आत्मानंद विद्यालय प्रारंभ करने के विषय में विभाग द्वारा पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव पर कोई निर्णय नहीं होने से इस वर्ष के नये शैक्षणिक सत्र से नया आत्मानंद इंग्लिश स्कूल की सौगात

**खास बात**

- पूर्व में भेजे गए विभाग के प्रस्ताव पर लंबित है निर्णय

नहीं मिलेगी। आज 1 अप्रैल से नये शिक्षण सत्र शुरू हो रहा है और शिक्षा विभाग के पास इस संबंध में कोई भी निर्देश शासन की ओर से नहीं दिए गए हैं। विभाग यह मानकर चल रहे है कि पुराने आत्मानंद स्कूल को ही डेवलप किया जाएगा।

पूर्व सरकार के द्वारा इंग्लिश मीडियम निजी स्कूलों के तर्ज पर सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल शुरू करने के लिए योजना तैयार करते हुए स्वामी आत्मानंद के नाम से इंग्लिश मीडियम स्कूल की शुरूआत की थी। जिले में सबसे पहले इंग्लिश मीडियम आत्मानंद स्कूल नगर निगम के वार्ड क्रमांक 14 पंप हाउस में शुरू हुआ। उसके बाद के बालको नगर एवं कटघोरा, करतला, पाली, बांकीमोंगरा में भी स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल की शुरूआत हुई। निःशुल्क अंग्रेजी शिक्षा मिलने की सुविधा को देखते हुए अभिभावकों की भीड़ प्रवेश के लिए उमड़ पड़ी। शिक्षा विभाग ने इन स्कूलों में प्रवेश के लिए लॉटरी के द्वारा प्रवेश देने की शुरूआत की थी। पंप हाउस सहित हरदीबाजार, पाली में चलने वाले आत्मानंद स्कूल को डेवलप किया गया जो निजी इंग्लिश मीडियम स्कूल की तरह लगने लगे। सुविधाओं में कम्प्यूटर लैब, लाइब्रेरी एवं स्पोर्ट्र्स की सुविधा दी गई। वहीं शिक्षकों की भर्ती संविदा के आधार पर की गई, किंतु विधानसभा चुनाव के पूर्व जिन आत्मानंद स्कूलों में शिक्षक भर्ती की शुरूआत हुई थी वह आज तक पूरी नहीं हो सकी है। लिहाजा विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी अभी भी बनी हुई है।




पंपहाउस स्थित आत्मानंद स्कूल भवन।

### नये स्कूल के संबंध में निर्देश नहीं

शासन के द्वारा नये शिक्षण सत्र में जिले में नये स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल शुरू करने के संबंध में कोई निर्देश नहीं मिले हैं। पुराने स्कूलों में ही प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**- टीपी उपाध्याय,** जिला शिक्षा अधिकारी

### तीन आत्मानंद स्कूल को सीबीएसई से मान्यता

जिले में कुल 11 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित है। जिनमें पंप हाउस, हरदीबाजार एवं पाली में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल को सीबीएसईबी बोर्ड से मान्यता मिल गई है। कोरबा जिला प्रदेश का ऐसा पहला जिला है जहां सीबीएसईबी बोर्ड ने तीन आत्मानंद स्कूल को मान्यता दी है, जबकि पूरे प्रदेश में यह संख्या चार है। जिनमें तीन कोरबा के ही शामिल है।

### अब देना होगा शुल्क

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में अब छात्रों को अन्य शासकीय स्कूलों की तरह शासन द्वारा ली जाने वाली शिक्षण शुल्क की राशि देना होगा। हायर सेकेंडरी हाईस्कूल के लिए यह राशि 450 रूपये तय की गई है, जिसमें क्रीडा शुल्क भी शामिल है। वहीं शिक्षकों की भर्ती का अधिकार भी अब राज्य शासन अपने हाथ में ले लिया है। स्कूल में शिक्षक से लेकर स्टॉफ के अन्य पदों की भर्ती शासन द्वारा भर्ती अधिनियम के तहत की जाएगी। वर्तमान में चल रहे आत्मानंद स्कूल में नये शिक्षण सत्र में प्रवेश की प्रक्रिया फिर शुरू की जाएगी।

# गर्मी : आज से बदल गया स्कूल लगने का समय



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मी की शुरूआत होते ही शिक्षा विभाग ने एक अप्रैल से स्कूल लगने के समय में बदलाव किया है और इसके निर्देश सभी स्कूल प्रबंधन को जारी कर दिया गया है। एक पाली में लगने वाला स्कूल सुबह 7.30 बजे से शुरू होकर 11.30 बजे तक चलेंगे। दो पाली में लगने वाले स्कूल सुबह 7.30 से 11.30 एवं दूसरी पाली 11.30 से शाम 4 बजे तक संचालित होंगे।

गर्मी के मौसम को देखते हुए इस बार कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा विभाग ने नये शिक्षण सत्र शुरू होने के पूर्व ही स्कूल लगने के समय में बदलाव किया गया है। वर्तमान में स्कूल लगने के समय में तेज धूप के साथ गर्मी पड़ रही है। निजी स्कूल सुबह 7.30 बजे से 1.30 बजे तक संचालित हो रहे हैं, जिनमें छोटे बच्चों के स्कूल शामिल हैं। अभिभावकों की मांग और छोटे बच्चों के ठीक दोपहर स्कूल से लौटने के दौरान होने वाली परेशानियों को देखते हुए समय में बदलाव करना जरूरी हो गया है। 28 मार्च को जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय के द्वारा 1 अप्रैल से स्कूल लगने के नये समय सारणी जारी की है। जिसके तहत एक पाली में चलने वाले शासकीय अर्द्धशासकीय स्कूल अब सुबह 7.30 बजे से संचालित होंगे। पूर्व में यह सुबह 10.30 बजे से शुरू होते थे। इसी तरह दो पालियों में लगने वाले स्कूलों का भी समय बदला गया है, जिसके तहत प्राईमरी एवं मीडिल स्कूल की कक्षाएं सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक चलेंगी एवं हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षाएं प्रातः 11.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक संचालित होंगी।

# लापरवाही : खदान में स्क्रैप कटिंग के दौरान डंपर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल कुसमुंडा कोयला खदान के वर्कशॉप में खड़ी गाड़ी में आग लगने की घटना सामने आई है। आगजनी के बाद तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जिले के कुसमुंडा खदान के पुराने वर्कशॉप में खड़ी सौ टन वजनी क्षमता वाले विमल कंपनी की डंफर में अचानक रविवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग से उठने वाली धूवें के काले गुब्बार कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहें हैं। बताया जा रहा है की ये डंफर सर्वे ऑफ हो चुका है। जारी निविदा के तहत इनके कटिंग का कार्य चल रहा था, ठेका कर्मचारियों द्वारा इन डम्फरों से बिना ज्वलनशील सामान निकले ही गैस युक्त कटिंग मशीनों द्वारा कटिंग किया जा रहा था, जिससे चिंगारी संभवतः डंफर के टायर और डीजल चेंबर में जा पहुंची जहां से आग ने पूरे डंफर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की सूचना मिलते ही विभागीय फायर ब्रिगेड की वाहन मौके पर पंहुची और आग पर काबू पाया गया। जिस तरह से आग की लपटे उठी थी आसपास अन्य मशीनों को अपनी चपेट में ले सकती थी अथवा जनहानि भी हो सकती थी। निश्चित रूप से इस घटना में जिम्मेदार लापरवाह ठेका कंपनी के खिलाफ प्रबंधन को सख्ती बरतनी चाहिए।

### राइडर ग्रुप बुल्स ऑन व्हील्स के सदस्यों ने किया रक्तदान

**कोरबा।** रक्त की एक-एक बूंद कीमती है और कई बार ऐसा देखा जाता है कि हॉस्पिटल में भर्ती मरीज के परिजन इसकी जरुरत के लिए भटकने विवश होते हैं। इसी जरुरत पर फोकस करते हुए राइडर्स ग्रुप बुल्स ऑन व्हील्स की ओर से अनुकरणीय पहल की गई। स्वयंसेवी संस्था अनुग्रह फाउंडेशन के सहयोग से राइडर्स ग्रुप द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच आयोजित शिविर में कुल 20 रक्तवीरों ने रक्तदान कर समाज और मानवता के लिए अपना योगदान सुनिश्चित किया। यह रक्तदान शिविर टीपीनगर स्थित कैलाश ऑटो एजेंसी में आयोजित किया गया। युवा व्यवसायी और इंजीनियर आलोक दिवाटे ने कहा कि हमारा राइडर्स ग्रुप न केवल रोमांचक पर्यटन, रोमांचक राइड और राष्ट्रीय एकता के लिए पहल करता रहा है।

# नौकरी लगाने के नाम पर 7 लाख की ठगी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिंचाई विभाग एवं राजस्व विभाग में पटवारी के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 7 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। जहां पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ढोढ़ीपारा निवासी विकास राठौर पिता दीपनारायण राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बुधवारी बाजार निवासी बजरंग श्रीवास द्वारा भिखारी लाल कर्ष पिता बड़कूराम से मिलवाया गया और बताया गया कि भिखारी लाल कर्ष नौकरी लगवाता है और भीखारी लाल का घर भी दिखाया था। तब विकास राठौर की बहन पिंकी रानी जो पारिवारिक विवाद के कारण तथा पति से अनबन होने के कारण अपने मायके अप्पू गार्डन के पास रहते है, उसकी परिस्थितियों को देखते हुए तथा विकास राठौर की बेरोजगारी के कारण भिखारी लाल की बातों पर विश्वास कर के 7 लाख रुपए नौकरी लगाने के नाम पर दिये थे जो क्रमशः दिसम्बर 2016 के अंतिम सप्ताह एवं 2017 के जनवरी, फरवरी माह में दी गई थी लेकिन आज दिनांक तक भिखारी लाल द्वारा नौकरी नहीं लगवाया गया है। जबकि भिखारी लाल कर्ष ने विकास राठौर को सिंचाई विभाग में पटवारी एवं पिंकी रानी को राजस्व विभाग में पटवारी के पद पर नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया था लेकिन आज पर्यन्त तक भिखारी लाल द्वारा ना तो नौकरी लगवाया गया और ना ही रकम वापस किया गया। विकास राठौर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भिखारी लाल कर्ष के विरुद्ध धारा 420,467,468,471 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

**खास बात**

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ढोढ़ीपारा का मामला, सिंचाई विभाग व राजस्व विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर वसूली

## 7 अप्रैल को होगा मतदान, 8 को होगी मतगणना

# अधिवक्ता संघ चुनाव : आज तय हो जाएगा कि कितने प्रत्याशी रहेंगे मैदान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला अधिवक्ता संघ के 2 वर्षीय कार्यकाल के लिए चुनाव नामांकन की प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है और दावेदार अपना-अपना भाग्य आजमाने के लिए नामांकन दाखिल कर चुके हैं। अब नाम वापसी की प्रक्रिया शेष है जिसके बाद यह तय हो जाएगा कि कितने प्रत्याशी मैदान में रहेंगे और कितने के बीच जंग होगी। उल्लेखनीय है कि जिला अधिवक्ता संघ के 2 वर्ष कार्यकाल के लिए नामांकन दाखिले की प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। 1 अप्रैल की सुबह 11 से 2 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न होगी। इसके उपरांत चुनाव अधिकारी द्वारा शाम लगभग 4 बजे प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद यह तय होगा कि कितने प्रत्याशी इस मैदान में रहेंगे। जिन्होंने नामांकन दाखिल किया है उसमें अध्यक्ष पद के लिए अब्दुल रहमान, सुधीर निगम, गणेश कुलदीप, धनेश सिंह, इसी तरह वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए बीपी मोदी, अनीश सक्सेना, नरेश साहू, संदीप प्रजापति, महिला उपाध्यक्ष में सुश्री राजेश्वरी राठौर, श्रीमती शिवकुमारी कंवर, सुश्री उत्तरा राठौर, इसी तरह सचिव पद के लिए सुनील यादव, नूतन सिंह, रघुनंदन सिंह व प्रशांत धुर्य, सहसचिव पद के लिए राजू देवांगन, बालकराम बरेठ, सौरभ अग्रवाल, एन के पासवान, कोषाध्यक्ष पद के लिए अमरनाथ कौशिक, सुनील सोनवानी, ग्रंथालय सचिव के लिए राजकुमार यादव, क्रांति श्रीवास, कमलेश श्रीवास, क्रीड़ा सचिव के लिए लक्ष्मण पटेल, सुरेश महंत, कार्यकारिणी पद के लिए अब्दुल नफीस खान, श्रीमती शिल्पा दांडेकर, चैतराम साहू, प्रवीण राठौर, श्रीमती ज्योति वर्मा, रोमेश सिंह, रामेश्वर सिंह कंवर, खेमलाल किशोर, रीता पुलस्त ने अपना नामांकन दाखिल किया है।

### इनके कंधे पर रहेगी मतदान की प्रक्रिया व मतगणना

7 अप्रैल को चुनाव की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी जबकि 8 अप्रैल को मतगणना होगी। इसके लिए मुख्य चुनाव अधिकारी गोपी कौशिक को बनाया गया है। जबकि उनके साथ सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में अशफाक अहमद सिद्दीकी, गेंद लाल चौधरी, जनकराम देवांगन, राजकुमार अग्ये, मीनू त्रिवेदी, राजेश्वर दीवान, महेंद्र कुमार अग्रवाल, महेश चंद्र शुक्ला, शिवनारायण सोनी, मनोज कुमार राठौर, श्रीमती अर्चना कुमार, विकास सिंह सिसोदिया, कुमारी प्रेमलता, करमचंद प्रजापति को मतदान और मतगणना कराने की जवाबदारी सौंपी गई है।

### 771 अधिवक्ता करेंगे मतदान

जिला अधिवक्ता संघ के मुख्य चुनाव अधिकारी गोपी कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2024 के इस चुनाव में कुल 771 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद सभी अधिवक्ता अपने-अपने पक्ष में प्रचार करेंगे और 7 अप्रैल को मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। इसके उपरांत 8 अप्रैल की सुबह मतगणना होगी और इसके उपरांत विजयी प्रत्याशी के नाम की घोषणा की जाएगी।

### प्रचार का दौर हो चुका है शुरू

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव के लिए जिन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया है। वे प्रत्याशी जोर-जोर से प्रचार प्रसार में जुट गए हैं। इन दोनों अधिवक्ताओं के बीच प्रचार प्रसार का दौर जोर शोर से चल रहा है। न्यायालय परिसर में प्रतिदिन गहमागहमी देखी जा रही है। वहीं रविवार का दिन होने की वजह से सभी अधिवक्ता ग्रामीण व अलग-अलग क्षेत्र में पहुंचकर अपने-अपने पक्ष में प्रचार करने के लिए सुबह से देर शाम तक जुटे रहे।

### गर्मी बढ़ते ही शुरू हुई बिजली की आंख मिचौली

**कोरबा।** शहरी क्षेत्र में गर्मी बढ़ते ही बिजली की आंखमिलौची ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है। उमस भरी गर्मी के बीच चरमराई व्यवस्था का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। बावजूद इसके समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के तुलसीनगर, दर्री व पाड़ीमार जोन कार्यालय क्षेत्र अंतर्गत तेज गर्मी व उमस के दौरान बिजली बंद की जा रही है। वहीं बिजली की चरमराई व्यवस्था की वजह से रात में उपभोक्ताओं की नींद भी खराब हो रही है। इसे लेकर उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। पुरानी बस्ती, मोती सागरपारा, रामसागर पारा, कोसाबाड़ी, सर्वमंगला नगर दुरपा सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली की आंखमिचौली जारी रही।

31 korba-Bhoomi pg2_Layout 1 3/31/2024 11:44 PM Page 1



## खबर संक्षेप




### हनुमान चालीसा पाठ के 100 सप्ताह हुए पूरे, कल होगा जागरण

**कोरबा।** पुराना बस स्टैंड हनुमान मंदिर में प्रति मंगलवार होने वाले हनुमान चालीसा पाठ 2 अप्रैल को 100 सप्ताह पूरा हो जाएगा। इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम जागकरण का रखा गया है। पुराना बस स्टैंड हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार एवं श्री रामदरबार के नव निर्माण का बीड़ा भी समिति द्वारा उठाया गया है। प्रति सप्ताह शाम 7 बजे नगरजनों, महिलाओं, बच्चों के द्वारा उपस्थित होकर श्री राम की भक्ति करते हुए हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जा रहा है। संयोजक सत्या जायसवाल के द्वारा चंद लोगों को एकत्र कर शुरू किए गए इस सनातनी अभियान में लोगों का जुड़ाव निरन्तर होता रहा और आज यह श्रृंखला 100 वें सप्ताह तक पहुंच गई है। 2 अप्रैल को श्री हनुमान चालीसा पाठ का 100 वां सप्ताह पूरा हो जाएगा। इस विशेष अवसर पर 2 अप्रैल को भजन सम्राट दिनेश सिंह, सोनू भाटिया, मास्टर अश्वनी,तारिणी कंवर की टीम द्वारा जागरण की प्रस्तुति दी जाएगी। नगरजनों को आमंत्रित किया गया है। संयोजक सत्या जायसवाल ने इस अनवरत धार्मिक आयोजन में प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी धर्म अनुरागियों के प्रति कृतज्ञता व आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि यह श्रृंखला टूटनी नहीं चाहिए और इसे और भी भव्यता प्रदान करने के लिए धर्मप्राण लोगों को सामने आने की जरूरत है।

### भाकपा व बस्तर संभाग की बैठक संपन्न



**कोरबा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद एवं बस्तर संभाग की बैठक शनिवार को जगदलपुर पार्टी कार्यालय में डॉ सोमनाथ गोस्वामी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में भाकपा के राष्ट्रीय सचिव मंडल सदस्य डॉ भालचंद कांगो उपस्थित रहे। बैठक में बस्तर लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी फूलसिंह कचलाम को सहयोग करने का निर्णय लिया। मैदानी क्षेत्र से रायपुर, बिलासपुर, चम्पा, कोरबा, सरगुजा, इन सीटों को चुनाव लड़ने के लिए राष्ट्रीय पार्टी को प्रस्ताव भेजा गया। जिले से राज्य परिषद सदस्य एमएल रजक, जिला सचिव पवन कुमार वर्मा ने जिले की जन समस्याओं को लेकर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि पार्टी द्वारा कोरबा की जनसमस्याओं को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी तारतम्य में 16 फरवरी से आमरण अनशन भी किया गया। श्री वर्मा ने कहा कि आचार संहिता हटने के बाद जनसमस्याओं से संबंधित कुछ चिन्हित मुद्दों के अलावा प्रदूषण, नगर निगम के सफाई कर्मियों की न्यूनतम मजदूरी तथा सामाजिक सुरक्षा और जिले के सभी तालाबों की साफ सफाई व पानी भराव की व्यवस्था को लेकर पार्टी वृहद स्तर पर आंदोलन का सूत्रपात करेगी। बैठक में मनीष कुंजाम, एसएन कमलेश, मुकेश बोहरा, रमा सोढ़ी, कमलेश झाड़ी, महेश कुंजाम, रामुराममौर्य, मंगल कश्यप, पी लक्ष्मीनारायण, कुशुम नाग, त्रिश्या झाड़ी, गंगाराम नाग, हड़मा मरकाम, राजू तेलम, भीमसेन मंडावी, चमन कुंजाम, बीएल श्रीवास्तव, शंकर राव, चंद प्रकाश लावनिया, केराराम मन्नेवार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### नारी शक्ति महिला मंडल ने मनाया होली मिलन समारोह



**कोरबा।** नारी शक्ति महिला मंडल के सदस्यों ने आर्दश नगर सामुदायिक भवन में होली मिलन समारोह मनाया। मुख्य अतिथि जागृति महिला मंडल के अध्यक्षा श्रीमती वरिंदर कौर, एकता महिला मंडल के अध्यक्षा श्रीमती नीतू शर्मा, संवाददाता महेंद्र राठौर की धर्मपत्नी श्रीमती आरती राठौर, गेवरा बस्ती पार्षद अजय प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा प्रसाद, डॉ श्रीमती बीना मैडम और श्रीमती ममता बघेल की गरिमामय उपस्थिति रहीं। इस अवसर पर अध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा, उपाध्यक्ष पुष्पा पाल, सचिव शारदा जायसवाल, कोषाध्यक्ष नेहा अग्रवाल एवं नीलम कुकरेजा द्वारा समारोह का आयोजन किया गया, होली मिलन समारोह में राधा कृष्ण डांस सिमरन और साक्षी राधा डांस श्रीमती बबीता कश्यप होली के मिक्स गाना पर डांस श्रीमती कुसुम साहू और श्रीमती रजनीश श्रीवास होली के गानों के अन्य मिक्स गानों पर डांस श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, श्रीमती रजनी श्रीवास, श्रीमती कुसुम साहू, श्रीमती नीतू साहू ,श्रीमती साधना काथले, श्रीमती नेहा अग्रवाल, श्रीमती मीशा कौर और श्रीमती रेखा शुक्ला के द्वारा किया गया । इस अवसर पर खुशी के माहौल में रेखा शुक्ला के द्वारा होली के अवसर पर सुंदर-सुंदर होली के टाइटल नारी शक्ति महिला मंडल के सदस्यों को दिए गए।

## सप्ताह में एक दिन लिंक कोर्ट की सुविधा, 6 माह से अधूरा पड़ा स्कूल भवन

# बुनियादी सुविधाओं के लिए चक्कर काट रहे चैतमा के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

विकास खंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत चैतमा आज भी विकास के नाम पर अधूरा है, आज भी यह गांव विकास की बाट जोह रहा है। लगभग दस हजार आबादी वाली इस ग्राम पंचायत चैतमा आज भी बुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर हैं। ग्राम पंचायत को उप तहसील का दर्जा दे दिया गया है, लेकिन सुविधा के नाम पर सप्ताह मे एक दिन लिंक कोर्ट ही लगता है। वहीं विकास की किरण उप तहसील के नाम जरूर दिखायी दी पर लोगों को निराशा ही मिली। वहीं स्कूल भवन भी 6 माह से अधूरा पड़ा हुआ है।

ग्राम पंचायत चैतमा एक ऐसा गांव है, जिस पर आसपास के 30 गांव निर्भर हैं। यहां लगने वाले साप्ताहिक बाजार से लोगो का कारोबार जुड़ा है वहीं हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल से शिक्षा आधारित है। बैंक, बिजली कार्यालय, पुलिस चौकी व अस्पताल जैसे सरकारी संस्थानों से भी स्थानीय और अन्य पंचायत का हित जुड़ा हुआ है। इन तमाम सुविधाओं के बाद भी क्षेत्र में जिस तरह से आर्थिक सुदृढता आनी चाहिए वह नहीं है। गांव में हायर सेकेंडरी स्कूल संचालन को चालीस साल से अधिक समय हो गया है, पर महाविद्यालय की सुविधा नहीं होने के कारण छात्र-छात्राएं आज भी उच्च शिक्षा से वंचित हैं, चैतमा ही नहीं आसपास के ग्राम पंचायत के बच्चों क़ो लम्बी दुरी तय कर पाली या कटघोरा जाना पड़ता है। 15 साल पूर्व भाजपा के कार्य काल में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने दो बार आश्वासन दिया था कि गांव में महाविद्यालय खुल जाएगा। उनकी बात केवल आश्वासन तक ही



निर्माणाधीन हाई स्कूल भवन।

सिमट कर रह गई, यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इस मांग को मूर्तरूप देने में नाकाम रहे।

### नहीं खुला वन परिक्षेत्र कार्यालय

चैतमा वन परीक्षित कार्यालय खोलने की घोषणा की गई थी, जो आज दिनांक तक नहीं पूरा हो पाया,जबकि प्रवास पर पहुंची वर्तमान क्षेत्रीय सांसद से इस समस्या से अवगत कराया गया था। जिस पर उन्होंने वन विभाग को वन पर क्षेत्र कार्यालय चैतमा में बनवाने के लिए वन विभाग को निर्देशित भी किया था,उसके उपरांत भी आजतक कार्यलय नहीं खुल पाया, वन कार्यालय नहीं होने से क्षेत्र में अवैध जंगल मे कब्जा व अवैध पेड़ कटाई के मामले बढ़े हैं, जिस पर फॉरेस्ट विभाग लगातार कार्यवाही कर लकड़ी जब्त कर रहा है। इसके बाद भी वन परिक्षेत्र कार्यालय नहीं खुला। इसी तरह बिजली कार्यालय का उद्घाटन पिछले 5 साल पूर्व किया गया था, उदघाटन के समय ग्रामीणों को बताया कि यहां पर 60 से 65 गांव के ग्रामीणों का बिजली की समस्या का निराकरण किया जाएगा। उसके उपरांत भी बिजली की समस्या के लिए पाली कार्यलय का चक्कर आज भी ग्रामीण लगा रहे है। स्वामी आत्मानंदस्कूल का निर्माण भी पिछले 6 महीने से बंद पड़ा है।

### पीएचसी में सुविधाओं की दरकार

चैतमा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है किंतु यहां पर एमबीबीएस डॉक्टर एवं लैब टेक्नीशियन तथा फार्मासिस्ट की कमी के कारण गंभीर बीमारियों एवं एवं अन्य कार्यों के लिए कटघोरा पाली का चक्कर काटना पड़ता है। बरसात के दिनों में यह समस्या और भी गहरा जाती है। जब छोटी-छोटी बीमारियों की दवाईयां भी पीएचसी में उपलब्ध नहीं हो पाती। इसके लिए भी ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित कराया किंतु कोई फायदा नहीं हुआ। इसी प्रकार ग्राम पंचायत इरफ एवं ग्राम पंचायत पटपरा के बखई तथा हर्राडीह दोनों ऐसे आश्रित ग्राम है जहां पर ना आवागमन की सुविधा नहीं है वहां के ग्रामीण गंभीर बीमारी होने पर अथवा डिलीवरी करने के लिए खाट पर लिटाकर मरीज को अस्पताल लाते हैं।

# ज्योत्सना को जिताने की अपील



प्रचार प्रसार के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत के पक्ष में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों की बैठक लगातार जारी है। इसी कड़ी में कटघोरा विधानसभा के ग्राम धनरास में आयोजित बैठक में उपस्थित ग्रामवासियों से सांसद ज्योत्सना महंत को जिताने का संकल्प लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर के निवास पर आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं महिलाएं उपस्थित हुए। छत्रपाल सिंह कंवर एवं शिवकला कंवर ने कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए ज्योत्सना महंत को जिताकर कांग्रेस को मजबूत करने एवं देश में कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील की। उपस्थित लोगों ने समर्थन देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सांसद प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत का स्वागत भी लोगों ने किया। बैठक के दौरान सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, छत्रपाल सिंह कंवर, श्रीमती शिवकला कंवर, श्रीमती ऊषा तिवारी आदि कांग्रेसजन भी उपस्थित रहे।

**खास बात**

- छुरीकला में हुई बैठक में लोगों ने लिया संकल्प

# जनता कांग्रेस के धोखे में नहीं आने वाली : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जब कोरोना की महामारी फैली थी तब यहां की सांसद गायब थी, जब शहर में घंटों बिजली गुल रहती थी तब भी सांसद गायब रही, क्या कोरबा लोकसभा की जनता ने उनको गायब रहने के लिए सांसद बनाकर दिल्ली भेजा था, जनता अब कांग्रेस के धोखे में नहीं आएगी। जनता इस बार कांग्रेस को वोट की चोट देगी, सांसद को सबक सिखाएगी।

उक्त बातें वाणिज्य श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने भाजपा की लोकसभा प्रत्याक्षी सुश्री सरोज पांडेय के समर्थन में आयोजित नुक्कड़ सभा के दौरान कही। उद्योग मंत्री श्री देवांगन लगातार भाजपा प्रत्याक्षी के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। रविवार को श्री देवांगन ने कोसाबाड़ी मंडल के तीन वार्डों में प्रचार किया। सुभाष ब्लॉक में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि एसईसीएल कर्मचारियों की समस्या को पहली और आखरी बार यहां की सांसद ने कब उठाया था। कांशीनगर में आयोजित नुक्कड़ सभा में मंत्री श्री देवांगन ने सांसद पर तंज कसते हुए कहा की श्रमिक और श्रमिक बस्तियों से ज्योत्सना महंत ने पूरे पांच साल से दूरी बना कर रखी रही, कांग्रेस झूठे वादे कर पिछले चुनाव जीत गई थी, चुनाव जीतकर कोरबा से गायब हो गई। पथर्रीपारा में नुक्कड़ सभा में मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा को स्वर्णिम बनाने का यही सही समय है, बीते पांच साल में कोरबा विकास के मामले में पिछड़ गया, हमे बेहतर कोरबा बनाना है। ट्रेन सुविधा और अच्छी करनी है, स्वास्थ, शिक्षा के मामले में कोरबा को प्रदेश भर में पहले स्थान पर लाना है। और इसके लिए जरूरी है की कोरबा लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी सरोज दीदी की प्रचंड वोटो से जीत दिलाए। इस दौरान युवा मोर्चा के महामंत्री और पार्षद नरेंद्र देवांगन, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, कोसाबाडी मंडल के अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कांग्रेस पर कसा तंज
- लोकसभा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय के समर्थन में किया प्रचार





कार्यक्रम को संबोधित करते लखनलाल देवांगन व उपस्थित महिलाएं।

### सरोज की जीत के लिए ईसाई धर्म अनुयायियों ने की विशेष आराधना



कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ सुश्री सरोज पांडेय ईस्टर पर्व पर 31 मार्च को शहर के प्रमुख चर्चों की आराधना सभा में सम्मिलित हुईं। ईसाई समुदाय के लोगों को सुश्री पांडे ने ईस्टर पर्व की बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। ईसाई धर्म के पासबानों के द्वारा बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडे का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। तत्पश्चात लोकसभा चुनाव में सरोज पांडे की जीत के लिए सभी चर्च में प्रभु ईशु से विशेष प्रार्थना करते हुए आशीष प्रदान किया गया। सुश्री पांडे ने इस मौके पर सभी ईसा मसीह के अनुयाइयों का आभार जताया। इस प्रार्थना सभा में संदीप मसीह, प्रवीण मसीह, शिमोन फ्रांसिस डीलन प्रदीप, अटल बाय, पूर्व उपाध्याय सुमार, पास्टर विवेक, पास्टर पवित्रो दीप, मोरिस झिलकर सूयस बाप, सुदीप बाघ सहित अन्य उपस्थित थे।

### पूर्व संगठन महामंत्री ने दिया जीत का गुरु मंत्र



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह ने रविवार को पार्टी कार्यालय में लोकसभा चुनाव में भारी मतों से जीत दर्ज करने के लिए कोरबा लोकसभा के सभी विस्तारकों की बैठक ली। बैठक में कोरबा लोकसभा के अन्तर्गत सभी विधानसभा की वास्तविक स्थिति और समीकरण की जानकारी लेकर उन्होंने भारी मतों से कोरबा लोकसभा की बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडे को जिताने पर चर्चा करने के साथ ही जीत का गुरु मंत्र दिया। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, गिरवर राठौर, सनत धीवर, विश्राम सिंह ठाकुर, विश्वनाथ साहु, धर्मेन्द्र तिवारी, डमरू धर यादव उपस्थित रहे।

# ढेलवडीह में मनाया गया होली मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ ढेलवाडीह

जागृति महिला मंडल ढेलवडीह के द्वारा मनाया गया होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जागृति महिला मंडल के द्वारा रंगारंग होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ किया गया। साथ ही महिलाओं के द्वारा डांस फाग गीत तथा विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में जागृति महिला मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# एसबीआई प्रशिक्षण संस्थान में विधिक जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के प्लान आफ एक्शन के अनुसार विद्यालय एवं महाविद्यालयों में जाकर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किये जाने के निर्देश दिया गया है। इसी तारतम्य में जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र कुमार साहू के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता का कार्यक्रम किया जा रहा है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोरबा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायाधीश श्रीमती ज्योति अग्रवाल अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.) कोरबा के द्वारा अपने उद्बोधन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे समस्त प्रशिक्षाणार्थियों से कहा गया कि आप देश के भविष्य हैं, आपको अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहना होगा। आपके आसपास कोई घटना व दुर्घटना होती है तो आपके आगे चलकर घायल की मदद करना चाहिये, उन्हें अस्पताल ले जाएं व कभी भी यदि आवश्यकता हो तो गवाही देने से इंकार नहीं करना चाहिए, जिससे अपराध करने वालों को सजा दी जा सकें। आप कभी न सोचे की छोड़ो मुझे क्या करना है। आपकी सजगता ही न्याय दिलाने में मददगार साबित होगी। अक्सर देखा गया है कि न्यायालय में प्रकरण तो आते है लेकिन गवाही के अभाव में अपराधी छूट जाते है। उनके द्वारा मोटरयान अधिनियम के तहत वैद्य लाईसेन्स एवं वाहन का बीमा अवश्य कराये जाने हेतु निर्देशित करते हुए एफ.आई.आर, साक्षी सुरक्षा अधिनियम, निःशुल्क विधिक सेवा अधिनियम, विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्य तथा महिलाओं के अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया साथ ही साथ नेशनल लोक अदालत 11 मई की जानकारी दी गई। उक्त अवसर में गणेश उरांव, निर्देशक आरसेटी कोरबा, श्रीमति सुरंजना विस्वाल, गौतम जांगडे, प्रदीप सिंह प्रशिक्षक आरसेटी कोरबा एवं पैरालीगल वालीण्टियर्स अहमद खान उपस्थित थे।




जागरुकता शिविर में जानकारी देते अधिकारी।

### तालाब में मिली सुरक्षाकर्मी लाश, क्षेत्र में मचा हड़कंप



**कोरबा।** एसईसीएल दीपका में सिक्योरिटी के पद पर पदस्थ 31 वर्षीय मंगतराम कोरवा की तालाब में डूबने से मौत हो गई। किसी तरह ग्रामीणों की मदद से व्यक्ति के शव को तालाब से बाहर निकाला गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही मंगतराम कोरवा के मौत का असली वजह का पता चल सकेगा कि सुरक्षाकर्मी डूबने से मौत हुई है या किसी और कारण से। मामला हरदीबाजार थाना क्षेत्र का है।

### छग पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक संपन्न

**कोरबा।** छग पेन्शनधारी कल्याण संघ जिला शाखा द्वारा ओपेन थियेटर घण्टाघर में बैठक आहूत की गई। बैठक में 31 मार्च को ओपेन थियेटर घण्टाघर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। राज्य सरकार द्वारा आदेशित 4 प्रतिशत महंगाई राहत में सशोधन कर केन्द्र के समान जनवरी से देने की मांग की गई। बैठक में आरके शर्मा, आरके वर्मा, एसएस तोमर, नागेश गौराहा, जेपी श्रीवास्तव, प्रदीप जायसवाल, पीएल चौधरी, चन्द्रा उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट समाज सेवा करने वाले क्लब को किया जाता है सम्मानित: पवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इंटरनेशनल लायंस क्लब की गाइड लाइन के तहत लायंस क्लब के रीजन द्वारा 9 महीने के कार्यकाल में क्लब द्वारा किए गए समाज सेवा गतिविधियों को लेकर सम्मान करने का प्रतिवर्ष कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। समाज सेवा के क्षेत्र में सर्वेश्रेष्ठ कार्य करने वाले लायंस क्लब को सम्मानित करने की परंपरा क्लब की है। जिसके तहत उनकी गतिविधियों का समीक्षा की जाती है और उसके बाद निर्णय लिया जाता है।

उक्त बातें लायंस क्लब के रीजन चेयरमेन पवन शर्मा ने होटल ब्लू डायमंड में आयोजित पत्रकारवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि रीजन के अंतर्गत 9 क्लब होते हैं। आधा मध्यप्रदेश और पूरे छत्तीसगढ़ में उनके क्लब के द्वारा समाज सेवा की गतिविधियां की जाती है। जिनमें निःशुल्क नेत्र शिविर, कैंसर शिविर, शिक्षण शिविर, मधुमेह शिविर जैसे कार्य किए जाते हैं। क्लब के द्वारा अब तक 300 शिविर 9 महीने के कार्यकाल में आयोजित किए गए हैं, जिसमें लगभग डेढ़ लाख लोभ लाभान्वित हुए हैं। 9 महीने के कार्यकाल में जो सर्वश्रेष्ठ समाज सेवा के कार्य किए हैं उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। जिसके लिए क्लब ने लक्ष्य के नाम से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। श्री शर्मा ने बताया कि वर्तमान में लायंस क्लब बालको, कोरबा, लायंस क्लब के एवरेस्ट, लायंस क्लब चांपा, लायंस क्लब अकलतरा, लायंस क्लब एनटीपीसी, लायंस क्लब विद्युत नगर एवं लायंस क्लब गुरूकुल क्लब संचालित है। प्रेसवार्ता में लायन विजय अग्रवाल, एमडी माखीजा, लायन कैलाश गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।




पत्रकारों से चर्चा करते लायंस क्लब के पदाधिकारी।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज

नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## खबर संक्षेप



### मवेशियों के लिए सार्वजनिक स्थानों में रखे गए पानी के पात्र

**कोरबा।** गर्मी की तेज धूप से सभी जीव जंतुओं को पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए श्री रामकृष्ण गौ सेवा संस्था द्वारा बालको नगर के सार्वजनिक स्थानों में पानी के बड़े-बड़े पात्र रखने की शुरूआत की है। ऐसे जगह पात्र रखे जा रहे हैं जहां आवारा मवेशियों का जमावड़ा रहता है। आसपास के निवासियों को उक्त पात्र में पानी भरने की जिम्मेदारी भी दी गई है। रामकृष्ण गौ सेवा संस्था की अध्यक्ष लालिमा जायसवाल ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी सार्वजनिक स्थलों पर गौवंश व अन्य जीव जंतु हेतु पानी पात्र की व्यवस्था की जा रही है। वार्ड 35 बाल्को नगर हनुमान मंदिर परिसर एवं वार्ड 39 में एक चबूतरे के पास पानी पात्र रखकर पानी भरे गये एवं लोगों को भी सेवा हेतु प्रेरित किये। संस्था से जुड़े पदाधिकारी संरक्षक विकास डालमिया, सह सचिव दौलत राम सोनी के साथ सन्तोष पासवान, शांत कुमार गभेल, अर्चना सिंह, नन्दिनी केंवट, आनन्द दादा आदि सभी सद्स्य उपस्थित थे।

### बूथ की बैठक में प्रत्याशी को जीताने का संकल्प



**कोरबा।** बालको वार्ड क्रमांक 35 बूथ स्तर पर मीटिंग रखा गया जिसमें सूरज महंत जी संतोष राठौड़ ब्लॉक अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत को विजय दिलाने के लिए हर बूथ में मीटिंग रखा गया। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान हो सूरज महंत ने कहा कि बूथ स्तर के कार्य करता कड़ी मेहनत करते हैं। कार्यक्रम में बूथ के सभी अध्यक्ष उपस्थित रहे। फूलदास महंत, गिरधारी बरेठ, शबनम परवीन, शकुंतला साहू, लक्ष्मी साहू, सुनीता साहू, सावित्री साहू, फुलेश्वरी साहू, गीता यादव, काजल साहू, मीना यादव, संतोषी पटेल, फूल कुंवर पटेल, उषा चौहान, रजना दुबे, यशोमती ठाकुर, जूली सोनवानी, सुमित्रा, निर्मला पोरी, नूतन, तृप्ति, संगीता यादव, दुर्गा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## जिले के विभिन्न स्कूलों के वार्षिक परिणाम हुए घोषित

# विद्यार्थी जीवन खास होता है, यही आपका भविष्य सुनिश्चित करता है: डॉ.गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में छोटे-छोटे, नन्हे मुन्ने बच्चों के प्रतिभा को सम्मानित करने हेतु प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में कक्षा एलकेजी, यूकेजी एवं नर्सरी के बच्चों ने गत शैक्षणिक सत्र में विभिन्न एक्टिविटीज में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। कक्षा एलकेजी यूकेजी एवं नर्सरी में आयोजित प्रतियोगिताएं जैसे क्ले मॉडलिंग, ड्राइंग, पेपर कटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्टोरी टेलिंग ड्रामा, हिंदी एवं इंग्लिश हैंडराइटिंग, स्पोर्ट्स एक्टिविटी इत्यादि में बेहतर

**खास बात**

- विद्यालय का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट, छात्रों के खिले चेहरे

प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को विद्यालय में आयोजित प्रातः कालीन सभा में विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता के कर कमलों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। सभी विद्यार्थी प्रमाण पत्र एवं प्रशस्ति पत्र पाकर प्रसन्नचित नजर आए। विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु सभा में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रकार विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। विद्यार्थियों के साथ उनकी कक्षा शिक्षिकाओं ने भी सतत रूप से पूरे शैक्षणिक सत्र में उनको सीखने में सहयोग किया था उन्हें भी प्राचार्य के हार्थों सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी जीवन हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण काल माना जाता है। हमारे भविष्य के सपने, इच्छाएँ और आशाएँ इस पर निर्भर हैं। विद्यार्थी जीवन तैयारियों का काल है। यह शिक्षा का काल है। इस समय हमारा मन मिट्टी के समान है। मिट्टी एक मुलायम चीज है और कुम्हार मिट्टी से विभिन्न चीजें डिजाइन करता है। मिट्टी की तरह, हमारे दिमाग को भी विभिन्न तरीकों से आकार दिया जा सकता है। एक बार बर्तन बन जाने के बाद उनका आकार नहीं बदला जा सकता। उसी प्रकार हमारा चरित्र एक बार एक प्रकार से बन जाए तो उसे आसानी से बदला नहीं जा सकता। यदि हम विद्यार्थी जीवन में अच्छी शिक्षा प्राप्त कर उसका सही उपयोग करें तो भविष्य में सफल होंगे।




इंडस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य संजय गुप्ता द्वारा छात्रों को पुरस्कृत करते हुए।

### इंडियन पब्लिक स्कूल पाली का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



शनिवार को इंडियन पब्लिक स्कूल के पाली, जटगा एवं बांधाखार ब्रांच में शैक्षिक सत्र 2023 -24 का वार्षिक परीक्षा फल घोषित हुआ। परीक्षा परिणाम को लेकर स्कूल के विद्यार्थी एवं अभिभावक बहुत उत्साहित रहे। इंडियन पब्लिक स्कूल पाली ब्रांच में प्राचार्य शिवानी मिश्रा एवं उप-प्राचार्य विनोद शर्मा ने अभिभावकों की उपस्थिति में परीक्षा परिणाम की घोषणा किया। वहीं जटगा व बांधाखार ब्रांच में स्कूल के प्रधानपाठकों ने परिणाम जारी किए। वार्षिक परिणाम सुनकर बच्चे काफी खुश हुए, क्योंकि वह अगली कक्षा में बढ़ गए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक राकेश मिश्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित करके किया। परीक्षा परिणाम पर डायरेक्टर श्री मिश्रा ने सभी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं विद्यालय के शिक्षकों को शुभकामना दी। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान आने वाले नए सत्र में विद्यालय में मुहैया कराई जाने वाली सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। डायरेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सभी का सहयोग इसी प्रकार से मिलता रहेगा तो संस्थान और अधिक ऊंचाई को छूते हुए बेहतर परिणाम लेकर आएगा। आईपीएस पाली में जारी परीक्षा परिणाम की मेरिट सूची में कक्षा नर्सरी में पहला रैंक आयांश, दूसरा देशिका तथा तीसरा नितेश का रहा। एलकेजी में पहले आकाश, आदित्य, निधि व रियांश, दूसरे श्रेया कुसरो तथा तीसरे रैंक पर हिमांशु पटेल रहे। यूकेजी में पहली ज्योति, कृष्णा, दूसरा आन्या डिक्सेना, निधि मानिकपुरी तथा तीसरा अनुराग डिक्सेना, निकिता जगत को मिला। क्लास वन में पहले स्थान पर सुयांश, दूसरे विद्यांक तथा तीसरी अदिति रही। टू में पहले भूमिका, दूसरे श्वेता व तीसरी दीपिका रही। थ्री में पहली अनन्या, दूसरी काया व तीसरा हार्दिक रहा। फोर में पहला प्रवीण, दूसरा सोहिल व तीसरा देवेंद्र रहे। फाइव में पहला लोकेश, दूसरी रितिका व तीसरी में साक्षी केशव रही। सिक्स में पहली साक्षी, दूसरे हिमेश व तीसरे एहसान रहे। सेवन में पहली याचना, दूसरे अनुराग व तीसरे में वंश रहा। एट में पहले अमूल, दूसरे नमन व तीसरा जतिन रहा। नाइन में पहला एकलव्य, दूसरा शिवम तथा हर्ष तीसरे स्थान पर रहे।

### डीएवी खरमोरा का परीक्षा परिणाम रहा शानदार, खिल उठे बच्चों के चेहरे




डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें वार्षिक परीक्षा परिणाम सुनकर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ देखी जा सकती थी। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विद्यालय के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी के दिशा-निर्देशन में किया गया। जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, अभिभावकों व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। समस्त कक्षाओं जिसमें बोर्ड कक्षाओं को छोड़कर कक्षा तीसरी से कक्षा ग्यारहवीं तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा वार्षिक परीक्षा रिपोर्ट कार्ड व प्रमाण पत्र अभिभावकों की उपस्थिति में प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। जिनमें कक्षा तीसरी के छात्र नीक शर्मा प्रथम, छात्रा आहना फातिमा द्वितीय व तृतीय स्थान साई मिश्रा रहे। कक्षा चौथी की छात्रा मुस्कान तंबोली प्रथम व छात्र एमडी शेख द्वितीय तथा कौशल किशोर ने तृतीय स्थान प्राप्त किए। कक्षा पांचवीं के छात्र गीतांश ओझा प्रथम, सिद्धांत शर्मा द्वितीय व छात्रा सिद्धि शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त की। कक्षा छठवीं की छात्रा अलीशा शाह प्रथम, हरकीरत कौर द्वितीय व सुनीति तिवारी तृतीय स्थान पर रही। कक्षा सातवीं की छात्रा योगिता कुमारी ने प्रथम स्थान, चंद्रप्रकाश रजवाड़े द्वितीय तथा छात्रा प्राप्ति बर्मन तृतीय स्थान पर रही। कक्षा नवमीं की छात्रा खुशबु बाघ प्रथम, स्नेहलता स्वाइन द्वितीय व छात्र संदीप मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा ग्यारवीं की छात्रा अन्वेषा ठाकुर प्रथम, दीपेश साहू द्वितीय व छात्रा रश्मि शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। इन समस्त विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणाम में शत-प्रतिशत परिणाम लाकर विद्यालय परिवार का, अभिभवकों का व अपने सभी गुरुजनों का नाम रौशन किया है। इसके साथ ही अन्य सभी विद्यार्थियों को उनके कक्षा अध्यापक-अध्यापिका द्वारा अभिभावकों की उपस्थिति में बच्चों को उनके वार्षिक रिपोर्ट कार्ड दिए गए। साथ ही शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों के पूरे वर्ष के दौरान बच्चे द्वारा की गई गतिविधियों की जानकारी भी अभिभावकों को दी गई। हर विद्यार्थी अपना वार्षिक रिपोर्ट कार्ड अभिभावकों को दिखाकर खुश होता नजर आया। अभिभावकों ने भी सभी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने सभी विद्यार्थियों को उत्तीर्ण होने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी व कहा कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा व समस्त विद्यार्थियों ने पूरी मेहनत व लगन से अपने परीक्षा परिणामों को उत्कृष्ट बनाया व नित भविष्य में भी बच्चों को पूरी मेहनत व लगन से पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की प्रेरणा भी दी। प्राचार्य मुखर्जी ने यह भी जानकारी दी कि नया सत्र 2024-25 की शुरूआत 1 अप्रैल से होगी। गर्मियों को देखते हुए प्रशासन के निर्देशानुसार अप्रैल माह में विद्यालय की अवधि कम रखी जाएगी। उन्होंने सभी अभिभावगणों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने अपना अमूल्य समय निकालकर विद्यालय को दिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में प्राचार्य ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को नए सत्र की शुभकामनाएं दी।

### नवोदय विद्यालय में अनिकेत का हुआ चयन



जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में शासकीय प्राथमिक शाला कालोनीगंज पंतोरा, विकासखण्ड बलौदा, जिला जांजगीर चांपा के छात्र अनिकेत कुंभकार का चयन हुआ है। पिछले सत्र 2022 में वासु साहू तो वहीं सत्र 2023 में आशीष यादव का चयन भी इसी विद्यालय से नवोदय विद्यालय चिस्दा के लिए हुआ था। संकुल से तीसरी बार नवोदय विद्यालय में चयन होने पर माता पिता गुरु जन्म में उत्साह का माहौल है। अनिकेत ने इस उपलब्धि का श्रेय स्कूल के नवाचारी शिक्षक कामता प्रसाद सिंह, विशेष मार्गदर्शक अंजनी कश्यप, शिक्षक सोहन कुमार टेकाम, नंदलाल साहू, श्रीमती अनीता पांडेय व विद्यालय के अन्य स्टॉप आदि को दिया है। प्रधान पाठक श्रीमती खेलबाई राजवाड़े ने बच्चे के चयन पर शिक्षकों व बच्चों को बधाई दी है।



## खबर संक्षेप



### स्वयंसेवी संस्था ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**कोरबा।** स्वयंसेवी संस्था अनुग्रह फाउंडेशन के सहयोग से राइडर्स ग्रुप द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच आयोजित शिविर में कुल 20 रक्तवीरों ने रक्तदान कर समाज और मानवता के लिए अपना योगदान सुनिश्चित किया। यह रक्तदान शिविर टीपीनगर स्थित कैलाश ऑटो एजेंसी में आयोजित किया गया। युवा व्यवसायी और इंजीनियर आलोक दिवाटे ने भी रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि हमारा राइडर्स ग्रुप न केवल रोमांचक पर्यटन, रोमांचक राइड और राष्ट्रीय एकता के लिए पहल करता रहा है, मानवता और सामाजिक सरोकार के लिए भी तत्पर रहकर कार्य करने संकल्पित है। अपने इसी ध्येय को आगे बढ़ाते हुए यह रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे रक्तदाताओं ने रक्तदान के लिए रुची दिखाई पर सीमित इंतजाम होने के चलते केवल 20 रक्तवीरों का रक्तदान किया गया, जिसे जरुरतमंद लोगों के लिए ब्लड बैंक को अर्पित किया गया है। उन्होंने कहा कि लोकहित की गतिविधियों का क्रम बुल्स ऑन व्हील्स की ओर से आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा।

### प्रो. प्यारेलाल को मिला दयाराम टंडन ज्ञान रत्न सम्मान



**मड़वारानी।** राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान प्राप्त समिति छत्तीसगढ़ कलमकार मंच मस्तूरी बिलासपुर द्वारा 29 मार्च को बिलासपुर के एमरोल्ड होटल में आयोजित छत्तीसगढ़ कलमकार मंच का वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह में विश्व प्रसिद्ध विद्वान प्राध्यापक प्रोफेसर डॉ.प्यारेलाल आदिले, प्राचार्य जेबीडी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय कटघोरा को श्री दयाराम टंडन ज्ञान रत्न सम्मान से विभूषित किया गया। प्रोफेसर आदिले के द्वारा समाज में किए जा रहे शिक्षा, महापुरुषों की सामाजिक अवदान, स्वास्थ्य, जनकल्याण के लिए जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, साहित्य और संस्कृति पर विशेष कार्य किए जाने के उपलक्ष में यह सम्मान प्रदान किया गया। इस सम्मान हेतु प्रोफेसर आदिले का चयन एक प्रबंधकारिणी अनुशंसा कमेटी द्वारा किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि प्रो.आरपी टंडन प्राध्यापक हिंदी, अध्यक्ष डा.पीसी लाल यादव वरिष्ठ साहित्यकार, विशिष्ट अतिथि श्रीमती श्यामा कुर्रे,डा. इंद्रभानु सिंह कंवर,डा. गोवर्धन मार्शल, एचआर खांडे एवं एसएल मात्रे सहित अन्य शामिल हुए।

### कक्षा आठवीं के छात्र ने लगाई फांसी, मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** कक्षा आठवीं में अध्यनरत एक 14 वर्षीय छात्र ने अज्ञात कारणों के चलते परीक्षा के दौरान फांसी लगाकर अपनी ईहलीलाल समाप्त कर ली है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। छात्र ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामला रजगामार चौकी क्षेत्र की है। यहां निवासरत नोहर दास के 14 वर्षीय पुत्र लोकेश दास कक्षा आठवीं का छात्र था और उसकी परीक्षा अभी चल रही थी। दो पेपर संपन्न हुए थे कि इस दौरान रविवार की सुबह उसने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जब परिजनों को इसकी भनक लगी तो उसे फंदे से नीचे उतारकर आनन-फानन में जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान छात्र की मौत हो गई। लोकेश ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलने पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची थी और पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अपने खर्च पर काम कराने वाले अधीक्षक भटक रहे भुगतान के लिए

# दो साल से मरम्मत के लिए मोहताज हैं आश्रम छात्रावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में संचालित आदिवासी बालक एवं कन्या आश्रम छात्रावास अपने मरम्मत कार्य के लिए विभाग से मिलने वाले फंड के लिए मोहताज बने हुए हैं। छोटे-छोटे मरम्मत

**खास बात**

- आदिवासी विकास विभाग द्वारा नहीं जारी की गई राशि

कार्य को कराने वाले अधीक्षक अब अपने भुगतान के लिए चक्कर काट रहे हैं। राज्य शासन के द्वारा अलग-अलग दर पर राशि भी निर्धारित की गई है, जो विभाग के द्वारा दो साल से जारी नहीं की जा रही है।

जिले के पांच विकासखंड अंतर्गत प्री मेट्रिक, पोस्ट मैट्रिक सहित कुल 183 बालक एवं कन्या आश्रम छात्रावास संचालित है। जिनके नव निर्माण से लेकर



श्यांग स्थित छात्रावास।

मरम्मत कार्य तक की जिम्मेदारी आदिम जाति कल्याण विभाग के ऊपर है, किंतु दो वर्ष से स्थिति विकट बनी हुई है। कई आश्रम छात्रावाओं की स्थिति यह है कि बारिश के दौरान सीपेज की समस्या से जूझते हैं। मरम्मत भी अधीक्षकों को स्वयं के खर्च पर करना पड़ता है। राज्य शासन के द्वारा सीट के आधार पर मरम्मत के लिए अलग-अलग दर पर राशि भी तय कर दी है, जिसे जारी करने के लिए विभाग ने अब तक रूचि नहीं दिखाई है। विभागीय सूत्रों की मानें तो शासन से मिलने वाली राशि को निर्माण कार्य में खर्च होने वाली राशि के साथ जोड़ दिया जाता है। यही कारण है कि मरम्मत के लिए अधीक्षकों को परेशान होना पड़ता है। इस संबंध में कुछ आश्रम छात्रावास अधीक्षकों ने विभागीय अधिकारी को अवगत भी कराया है, किंतु फंड जारी करने के मामले में अभी तक कोई कदम नहीं उठे हैं। स्थिति यह है कि छोटे छोटे मरम्मत कार्य अगर अधीक्षक करा दिए तो भुगतान के लिए भटकना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी जिले के दूरस्थ अचल में संचालित आश्रम छात्रावासों के अधीक्षक को होती है। जहां तक निर्माण सामाग्री का पहुंचना भी कठिन हो जाता है।

**यह है शासन से मिलने वाली राशि**

शासन द्वारा आश्रम छात्रासों की मरम्मत के लिए 25 हजार से लेकर 40 हजार रूपये तक की राशि स्वीकृत की है। इनमें 50 सीटर से 100 सीटर के छात्रावासों के लिए 40 हजार रूपये एवं 50 सीटर तक छात्रावासों के लिए 25 हजार रूपये की राशि जारी की जाती है। बालक छात्रावास के अलावा कन्या आश्रम के लिए भी इतनी ही राशि जारी किए जाने का प्रावधान है, जो दो वर्ष से नहीं मिली है। डेढ़ साल पहले अधीक्षकों की बैठक में पानी पाईप लाईन बदलने का प्रस्ताव तैयार किया गया था, उस पर अब तक अमल नहीं हुआ।

**1275 रूपये मिलती है शिष्यवृत्ती**

चार वर्ष तक राज्य शासन के द्वारा 1000 रूपये प्रति छात्र शिष्यवृत्ती दी जाती थी। वर्ष 2023 से इसे बढ़ाकर 1275 रूपये किया गया है। उक्त राशि में दो टाईम का खाना, एक टाईम का नास्ता, तेल, साबुन का खर्च भी शामिल है। वर्तमान में महंगाई के कारण 1275 रूपये भी प्रति छात्र के नाम से जारी होने वाली यह राशि कम पड़ रही है। कस्तूरबा आश्रम के लिए शिष्यवृत्ती की राशि 1500 रूपये प्रति छात्रा है, जबकि दोनों ही राज्य शासन के अधीन है। वहीं एकलव्य एवं प्रयास स्कूल के लिए केन्द्र से 2200 रूपये प्रति छात्र की दर से जारी की जाती है।

### विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**कोरबा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोरबा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माननीय न्यायाधीश श्रीमती ज्योति अग्रवाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) के द्वारा अपने उद्बोधन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे समस्त प्रशिक्षाणार्थियों से कहा गया कि आप देश के भविष्य हैं, आपको अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहना होगा। आपके आसपास कोई घटना दुर्घटना होती है तो आपके आगे चलकर घायल की मदद करना चाहिए, उन्हें अस्पताल ले जाएं व कभी भी यदि आवश्यकता हो तो गवाही देने से इंकार नहीं करना चाहिए, जिससे अपराध करने वालों को सजा दी जा सकें। आप कभी न सोचे की छोड़ो मुझे क्या करना है। आपकी सजगता ही न्याय दिलाने में मददगार साबित होगी। अक्सर देखा गया है कि न्यायालय में प्रकरण तो आते है लेकिन गवाही के अभाव में अपराधी छूट जाते है।

## छत्तीसगढ़ी एवं हिंदी में रिलीज होगी मेरी माँ कर्मा फिल्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मेरी माँ कर्मा नाम से 5 अप्रैल को रिलीज होने वाली फिल्म छत्तीसगढ़ी के साथ हिंदी में भी रिलीज की जाएगी। पुरानी परंपराओं पर

**खास बात**

- प्रेस वार्ता में फिल्म कलाकारों ने दी जानकारी

आधारित इस फिल्म के डायरेक्टर कौस्टेन साहू, नायक शील वर्मा व नायिका कुकी स्वाइन ने प्रेस क्लब के तिलक भवन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान फिल्म के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

फिल्म में मोटिवेशन ऐसा है कि आप अपने जीवन में कुछ कर गुजरने की हिम्मत करेंगे। यह फिल्म दो भाषाओं में रिलीज हो रही है, पहला हिंदी और दूसरा छत्तीसगढ़ी। हालांकि मेकर्स सबसे पहले इस फिल्म को हिंदी पट्टी के दर्शकों के लिए रिलीज करेंगे और फिर इसे



मीडिया से चर्चा करते छत्तीसगढ़ी फिल्म के निर्माता।

छत्तीसगढ़ी में रिलीज किया जाएगा। यह पॉपकॉर्न की पहली फिल्म नहीं है। इसके पहले ले चलहुं अपनी दुआरी का भी निर्माण कर चुके हैं। आदि काल से ही महिलाएं पुरुषों का साथ देती आ रही हैं। दोनों एक ही गाड़ी के पहिए हैं। अगर एक हट जाए तो गाड़ी आगे बढ़ना मुश्किल होगा। ऐसे में अब दौर ऐसा है कि महिलाओं पर केंद्रित फिल्में भी आनी चाहिए। इस फिल्म में ऑन और ऑफ स्क्रीन दोनों ही जगहों पर महिलाओं ने बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस फिल्म को 25 साल की सिनेमैटोग्राफर आरुषि ने शूट किया है। मेरी मां कर्मा के बारे में यह कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा कि यह एक महिला केंद्रित फिल्म है। बात करें मेरी मां कर्मा की तो इसमें रीजनल से लेकर बॉलीवुड के मंझे हुए कलाकारों के अभिनय को देखने को मिलेगा। फिल्म में कर्मा का किरदार छत्तीसगढ़ में अपनी अच्छी पहचान बना चुकीं अभिनेत्री कुकी स्वाएन ने निभाया है। वहीं, फिल्म में ओंकार दास मानिकपुरी, सानंद वर्मा अल्का आमिन, इश्तियाक खान, भगवान तिवारी और सुनीता राजवर जैसी एक्टर्स भी अहम किरदार में नजर आएंगे। हमारे देश में जितना पॉपुलर बॉलीवुड सिनेमा का कल्चर है, उतना ही पॉपुलर रीजनल (क्षेत्रीय) सिनेमा का है। इन दिनों रीजनल सिनेमा एक बार फिर दर्शकों के बीच अपनी पकड़ बना रहा है। ऐसे में इसी को आगे बढ़ाने पॉपकॉर्न फिल्म्स 5 अप्रैल को सिनेमाघरों में फिल्म मेरी मां कर्मा लेकर आ रहे हैं।

## मसीही समाज ने धूमधाम से मनाया ईस्टर पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिलेभर के मसीही समाज ने रविवार को धूमधाम से यीशु मसीह के पुनरुत्थान पर्व ईस्टर का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेष आराधना में अपने आराध्य के वचनों को स्मरण किया गया। समस्त मेनोनाइट चर्च, समस्त आईपीसी चर्च, समस्त कैथोलिक चर्चों, प्रार्थना भवन कोरबा आईटीआई,

**खास बात**

- सभी चर्चों के विशेष आराधना में दिया गया यीशु मसीह के पुनरुत्थान का संदेश

कोसाबाड़ी निर्मला चर्च कम्यूनिटी चर्च आदि समेत सभी चर्चों में इस ईस्टर के पर्व में विशेष आराधना एवं प्रीतिभोज का आयोजन किया गया।

विभिन्न चर्चों में पादरियों, फादर एवं पासबानों ने मसीही धर्मशास्त्र से बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान के संदेश का वाचन किया एवम इस संबंध में समस्त ऐतिहासिक घटनाओं का वर्णन किया। जिले मुख्यालय के साथ साथ आस पास के दीपका, कटघोरा, बांकीमोंगरा, कुसमुंडा, पाली, बालको आदि दूरस्थ क्षेत्रों की कालिसयाओं में भी इस दिन विशेष आयोजन किया गया। आल छत्तीसगढ़ क्रिस्चियन कम्यूनिटी कॉन्फ्रेंस के जिलाध्यक्ष सिमोन फ्रांसिस ने बताया की ईस्टर का पर्व सभी ईसाई विश्वासियों द्वारा मनाया जाने वाला त्यौहार है। इसमें मसीही समुदाय वैश्विक अमन शांति मेल मिलाप एवं आत्मिक सामाजिक उन्नति के लिए प्रार्थना करते हैं। इस दिन विशेष आराधना एवं प्रीतिभोज का आयोजन किया जाता है। प्रभु यीशु मसीह का संदेश था की पूरा विश्व सत्य को जाने एवम सत्य का अनुसरण करे।




ईस्टर पर्व पर एकजुट मसीही समुदाय के लोग।

**क्यों मनाते हैं ईस्टर संडे?**

पहली शताब्दी में जन्मे प्रभु यीशु मसीह प्रेम, शांति और सेवा के प्रतीक थे। तत्कालीन रोमन साम्राज्य को ये बात रास नहीं आई इसलिए दुनिया को प्रेम और करुणा का संदेश देने वाले प्रभु यीशु को धार्मिक कट्टरपंथियों ने सूली पर चढ़ा दिया। जिस दिन प्रभु यीशु को सुली पर चढ़ाया गया उस दिन शुक्रवार था। जब प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाया गया तो उनके अनुयाई निराश हो गए और उनके बलिदान दिवस को गुड फ्राइडे के रूप में मनाने लगे। हालांकि इसके तीन दिन बाद यानी रविवार को प्रभु यीशु फिर से जीवित हो उठे। इसके बाद उनके अनुयाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई। इसके बाद से ही मसीही धर्म अस्तित्व में आया एवं प्रभु यीशु मसीह के शिष्य यीशु मसीह के जीवित होने का प्रचार करते हैं । एवं उनके पुनरुत्थान दिवस को विश्व भर के मसीही अनुयायियों में ईस्टर के पर्व के रूप में मनाया जाता है।

## युवक की पुलिस ने जमकर की धुनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक पर शराब पीकर गाली गलौज करने का आरोप था। जब पुलिस की टीम उसे पकड़ने के लिए पहुंची और उसे हिरासत में लेकर थाने लाई जहां उसकी जमकर बेरहमी से पिटाई कर दी गई है। हालांकि इस मामले में पुलिस ने युवक पर तो धारा 107, 16 की कार्रवाई की है। मामला दर्री थाना क्षेत्र के सिंचाई कॉलोनी की है। जानकारी के अनुसार सिंचाई कॉलोनी में निवासरत लोकेंद्र साहू नामक युवक पर शराब पीकर मोहल्ले में गाली गलत करने का आरोप था। दर्री थाना प्रभारी अविनाश कंवर द्वारा लोकेंद्र साहू को पकड़कर थाने लाया गया। जहां उसकी जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे उसके शरीर पर काफी चोट के निशान साफ देखे जा सकते हैं। इस मामले को लेकर जब दर्री थाना प्रभारी अविनाश



कंवर से जानकारी पूछी गई तो उन्होंने बताया कि लोकेंद्र साहू नामक युवक शराब पीकर अक्सर मोहल्ले में गाली गलौज किया करता था। इस शिकायत पर पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 107, 16 की कार्यवाही की है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि पुलिस के अधिकारी इस मामले को लेकर अभी कुछ भी कहने से कतरा रहे हैं लेकिन निश्चित तौर पर युवक के साथ पुलिस कर्मियों ने जमकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया है।

### लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने पुलिस कर्मियों की लगी क्लास

**कोरबा।** आसन्न लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान अधिकारी व कर्मचारी अपने उत्तरदायित्व का भलीभांति निर्वाहन कर सके तथा भयमुक्त वातारण मतदाता को प्राप्त हो, इसके लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में जिले के फारेस्ट गार्ड, नगर सैनिक, कोटवार, सिक्योरिटी गार्ड कर्मचारियों का प्रशिक्षण 30 मार्च को रक्षित केन्द्र एवं थाना कटघोरा में रखा गया। ट्रेनिंग में मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि आदर्श आचार संहिता 16 मार्च को लागू होने पश्चात निर्वाचन आयोग के सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। निर्वाचन शांतिपूर्ण व निष्पक्ष हो इसके हेतु निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी सभी को होनी चाहिए। ट्रेनर के द्वारा आदर्श आचार संहिता, निर्वाचन के समय क्या करे ? क्या न करे ? संबंधी विषय पर ट्रेनिंग दी गई। इसमें कुल 167 जिसमें फॉरेस्ट गार्ड 100, सीएसईबी गार्ड 17, नगर सैनिक 18, एनटीपीसी गार्ड 6, लैंको गार्ड 18, कोटवार 8 कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई चालक मौके से हुआ फरार




इस तरह डिवाइडर हुई है क्षतिग्रस्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा कम्प्यूटर कॉलेज के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे के दौरान कार में दो युवक सवार थे, जो बाल-बाल बच गए। वहीं हादसे के बाद कार को छोड़ मौके से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार दोनों युवक शराब के नशे में बुरी तरह से धुत थे और दूसरी वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा



हुआ है। बताया जा रहा है कि कार दुर्ग पासिंग की है। वहीं हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों की मानें तो कार की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके चलते यह हादसा हुआ है। कार में दो लोग सवार थे जो घंटाघर की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे थे। अचानक से कार अनियंत्रित हुआ और डिवाइडर से टकराते हुए तीन बार पलट गई। किसी तरह कार चालक और उसमें बैठे एक युवक ने कूद कर अपनी जान बचाई। इस हादसे के बाद दोनों युवक मौके से फरार हो गए। वहीं दूसरी घटना सर्वमंगला चौकी क्षेत्र में घटित हुई है। सर्वमंगला-कनवेरी मार्ग पर हर दिन रफ्तार का कहर देखने को मिल रहा, ना सिर्फ भारी वाहन बल्कि हल्के वाहन भी बेहद तेज रफ्तार से यहां वाहन चलाते हुए नजर आ रहें है, जिस वजह से हादसे हो रहें हैं। शनिवार की रात जहां बाइक सवार और कार के साथ दुर्घटना हुई। वहीं रविवार की सुबह एक अज्ञात ट्रेलर ने कार सीजी 12 बीएच 3286 को पीछे से जोरदार ठोकर मार दी जिससे वह सड़क के नीचे नाले नुमा गड्ढे में जा गिरी। इस हादसे में गाड़ी के अंदर के एयर बैग खुल गए। हादसे में हताहतों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिली है।

### फरार वारंटी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस द्वारा वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने लूट के मामले में 28 वर्षों से फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को पंडरापाठ के ग्राम साम्भर भडिया के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी किया गया था।

**हरिभूमि**

**पाठकों के लिए माह मार्च 2024 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 9 दिन | 4.00 | 36.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 29 दिन, | कुल योग= | 136.00 |

कृपया पाठकगण माह मार्च 2024 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अप्रैल 2024 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
**हरिभूमि**
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

### सतरेंगा में आयोजित हुई कार्यशाला

**कोरबा।** ग्राम सतरेंगा में पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर समुदाय निमित्त वित्तीय एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजित किया गया। जिसमें 170 पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर जनजाति के लोग शामिल हुए। जिले की विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा आदि को जानकारी दी गई।










